हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 जुलाई, 2025

11 सीजेएम ने झरवाई में पौधरोपण कर ग्राम ...



12 बीमा क्लेम आंदोलन के संयोजक मंडल ने सांसद ...



## खबर संक्षेप

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज

**भिवानी।** शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 8 जुलाई को दोपहर सवा दो बजे से स्थानीय कीर्ति नगर मंगेज भवन में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान प्रदीप पाराशर उर्फ सोनू ने बताया कि कार्यक्रम के सह संयोजक मनजीत तंवर तथा संयोजक त्रिलोक महता, सोनू सैनी, शिवराज बागड़ी, मनोज कुमार, माया मुदगिल, संतोष हुड्डा, राजेश सहरावत आदि रहेंगे।

### सहायक उपकरण पंजीकरण प्रशिक्षण शिविर 12 को

**भिवानी।** आस्था स्पेशल स्कूल में 12 जुलाई को आस्था स्पेशल स्कूल के सहयोग से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) संस्था द्वारा सामाजिक अधिकारिता शिविर दिव्यांगजन निःशुल्क सहायक उपकरण पंजीकरण परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने बताया कि पंजीकरण प्रशिक्षण शिविर में जिले के सभी तरह के दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण का चयन किया जाएगा। दिव्यांगजन 10 जुलाई तक पंजीकरण करवाएं और शिविर से संबंधित जानकारी के लिए सप्राचार्या सुमन शर्मा, डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ व एडवोकेट सुनील पंवार से संपर्क करें।

### अभ्यार्थी 13 को भिवानी में सीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

**भिवानी।** हरियाणा में ग्रुप-सी पदों की प्रतीक्षा सूची जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अभ्यार्थी 13 जुलाई को जपतप संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजमस व माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश के नेतृत्व में हुडा पार्क में सुबह 10 बजे एकत्रित होंगे और इसके बाद अभ्यार्थी शांतिपूर्ण तरीके से भीम स्टेडियम पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मांगपत्र सौंपेंगे।

# 60 मिनट में बरसा 30 एमएम पानी गर्मी व उमस की नहीं बची निशानी

## शहर, गांव व रिहायशी कॉलोनियों में एक से डेढ़ फुट तक पानी, किसानों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





आधी रात पिछवा हवा के साथ आसमान से करीब एक घंटे तक जमकर पानी गिरा। इस दरम्यान भिवानी खंड में 30 तो बवानीखेड़ा इलाके में 25 एमएम तक पानी बरसा। तेज बारिश से गर्मी छू मंतर हो गई। वहीं उमस का भी कोई नामोनिशान नहीं बचा।

बेहतरीन बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। चूंकि इस वक्त हुई तेज बारिश से किसान अपने खेतों में धान की रोपाई में तेजी ला सकेंगे। अभी तक पानी की कमी थी। बारिश ने उसको पूरा कर दिया। तेज बारिश के चलते शहर, कस्बे, देहात में अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी। कई जगहों पर एक फुट तक बारिश का पानी जमा रहा। वहीं ग्रामीण इलाकों व उनके आसपास लगते खेतों में दो दो फुट तक पानी जमा रहा। दूसरी तरफ पिछवा हवा की गति तेज होने की वजह से अनेक जगह पेड़ उखड़ गए। खासकर ढिगावा, बाढ़डा व लोहारू इलाके में तेज हवा के साथ अनेक पेड़ उखड़ने से मार्गो पर जाम की स्थिति बन गई। हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से पीडब्ल्यूडी विभाग ने कुछ ही घंटों में सड़कों पर टूटे पेड़ उठाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू कर दिया।

रविवार रात को आधी रात बाद करीब 2:00 बजे ढिगावा मंडी क्षेत्र में तेज आंधी के साथ अचानक मौसम ने करवट बदलना शुरू किया। इस दौरान तेज वर्षा शुरू हो गई। अचानक आई तेज वर्षा से ढाणी लक्ष्मण के बस स्टैंड पर खड़ी वर्षो पुराना कीकर का भारी भरकम पेड़ धराशाई हो गया। करीब 100 बिजली पोल और इतने ही पेड़ टूटकर जमीन पर गिर गए। पेड़ टूटने से लोहारू- भिवानी, बहल - बाढ़ड़ा, ढिगावा से अमीरवास, ढिगावा से बड़डू चेना भुंगला, आदि रास्ते बंद हो गए तो वहीं मंडी बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्र की बिजली भी गुल हो गई। जो की दोपहर बाद तक सुचारू रूप से शुरू हो पाई। कृषि अधिकारी और क्षेत्र के किसानों का कहना है कि रात को आई तेज आंधी के साथ वर्षा ने चारों ओर तबाही मचा दी जहां बिजली के तार और बिजली पोल टूट कर जमीन पर गिर रहे थे तो दूसरी और 4 से 5 फुट लंबे बाजरे की फसल जमीन पर बिछ गईं। जिससे बाजरे की फसल में नुकसान की आशंका बनी हुई है। वहीं दूसरी और कपास, मुंग और ग्वार की फसल के लिए राहत भरी खबर मिली है।



### सड़कें बनीं दरिया

इतनी तेज बारिश थी कि बारिश थमने के बाद रात को दो ढाई बजे शहर की सड़कें दरिया में तब्दील हो गई। कभी पानी किसी तरफ तो कभी किसी तरफ बहता नजर आया। हालांकि रात के समय में ही पानी निकासी के लिए लगाए गए पम्पसेट चालू कर दिए,पर सुबह छह बजे तक सड़कों पर आधे से एक फुट तक पानी जमा था। दोपहर तक बारिश के पानी की निकासी हुई तो शहर के लोगों ने राहत की सांस ली।

### किसी भी इलाके में जलभराव न हो :सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ ने बारिश के बाद शहर का दौरा किया। जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण किया। पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से पानी की निकासी को लेकर जानकारी ली। इस दौरान विधायक सर्राफ ने कहा कि शहर के किसी भी इलाके में बारिश का पानी जमा न हो पाए। साथ ही उन्होंने कहा कि डिस्पोजल पर जरनेटरों की भी व्यवस्था व डीजल की कोई कमी न रहे।

### कहां पर कितनी बारिश

| | |
|---|---|
| भिवानी | 30 एमएम |
| तोशाम | 6 एमएम |
| बवानीखेड़ा | 25 एमएम |
| सिवान | 12 एमएम |
| लोहार | 10 एमएम |
| बहल | 5 एमएम |

## नपा कर्मचारी सफाई व्यवस्था में जुटे

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में मुसलाधार बारिश आने के चलते नगर पालिका सफाई कर्मचारी नपा सचिव संदीप गर्ग, नपा प्रधान सुंदर अत्री के आदेशानुसार नपा दरोगा प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सफाई करने में जुटे रहे। दर्जनों सफाई कर्मचारियों द्वारा मिलकर अलग अलग एरिया संभाला और सफाई व्यवस्था के कार्य को सफल बनाने में जुटे रहे। बता दें की पिछले काफी समय से जिन नालों की सफाई नहीं हो पाई और वे गंदगी से अटे रहे और पानी निकासी नहीं हो पाई और वहां पानी का भराव हो गया। कर्मचारियों ने रणनीति बनाकर तमाम नाली-नालों की सफाई की जिम्मेवारी संभाली। नपा सचिव संदीप गर्ग, नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि इस बार बारिश आने के अच्छे संकेत हैं। कर्मचारियों की तैनाती की गई है ताकि समय समय पर पूरी सफाई हो और किसी को समस्या न हो। वहीं उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था की अधिक जानकारी के लिए प्रदीप दरोगा से संपर्क किया जा सकता है।

## चांदवास में स्कूल की चारदीवारी गिरी



**बाढड़ा।** बीती देर रात हुई मूसलधार बारिश ने चांदवास गांव के राजकीय स्कूल में भारी तबाही मचा दी। तेज बारिश और वन क्षेत्र की ओर से आए जलप्रवाह के चलते स्कूल की करीब 150 फुट लंबी चारदीवारी ढह गई। पानी के तेज बहाव से स्कूल का एक शौचालय भी गिर गया, जबकि शेष दो शौचालयों की नींव में पानी भर जाने से वे भी किसी भी समय गिर सकते हैं। स्कूल प्राचार्य हरिकिशन ने बताया कि रविवार रात्रि को हुई तेज बारिश के कारण स्कूल की बाहरी चारदीवारी के साथ-साथ शौचालय व एक अन्य दीवार भी जमींदोज हो गई।

## बेरला में बरसाती पानी भरने से धंसा बोरवैल

**बाढड़ा।** बेरला में रविवार रात्रि तेज हवा के साथ आई बरसात से निचले क्षेत्र में मकान बनाकर रह रहे किसान को भूमिगत बोरवैल के चारों तरफ जलभराव हो गया और उसका बोरवैल पूरी तरह मिट्टी में धंस गया। किसान अमर सिंह ने सुबह जेसीबी की मदद से इसमें लगे महंग पाइप, मशीन तार निकालने का प्रयास किया लेकिन कुछ नहीं मिला जिससे मायूस होकर उन्होंने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर उनके प्राकृतिक आपदा से लाखों रुपयों के नुकसान की भरपाई की मांग है। रविवार देर रात्रि का तेज बरसात के कारण गांव बेरला निवासी किसान अमर सिंह का ट्यूबवेल पूरी तरह नष्ट हो गया है। किसान ने बताया कि यह ट्यूबवेल ही उनकी मुख्य सिंचाई व्यवस्था का साधन था और इसके नष्ट हो जाने से उनकी खरीफ फसल को खतरा हो गया है और पशुओं के पीने के पानी का भी संकट हो गया है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। किसान ने संबंधित कृषि विभाग और बादड़ा एसडीएम कार्यालय में भी आवेदन प्रस्तुत किया है। किसान रविंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, बलवान सिंह, सिकंदर, मंजीत कुमार, जोगेंद्र सिंह, सरपंच ज्योति आदि ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही हैं। तेज बारिश के साथ मिट्टी का बहाव होने से किसानों के कई ट्यूबल बोर नष्ट हो चुके हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस ओर कितनी त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करता है।

## तेज हवाओं के साथ आई बरसात से फसलें डूबी और पेड़ टूटे, यातायात प्रभावित



**बाढ़ड़ा।** मानसून की पहली जबरदस्त बरसात ने किसानों की फसलें पूरी बरसाती पानी में डूब गई वहीं सैंकड़ों की संख्या में हरे पेड़ टूट गए व दर्जन भर से अधिक बिजली के पोल टूट गए, जिससे कई सड़कमार्गों पर आवागमन बाधित हुआ। बरसात से उपमंडल क्षेत्र में सैंकड़ों हरे पेड़ व बिजली आपूर्ति के पोल टूटकर लाइन सहित जमीन पर बिछ गए। एक दर्जन गांवों में12 घंटे बाद भी बिजली बाधित रही। काली मिट्टी वाले क्षेत्र में बोई गई कपास व ग्वार के छोटे -छोटे पौधे मिट्टी में दब गए हैं। बाढड़ा, बेरला, कादमा, झोझूकलां व अटेला में सैंकड़ों पेड़ व बिजली के पोल टूट गए।



## निकासी के लिए 24 घंटे पंप सैट व पंप संचालक रहेंगे तैयार

**भिवानी।** मानसून के दौरान अत्यधिक बरसात होने की संभावना के चलते उपायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लिए और जिला नगरायुक्त को शहरी क्षेत्र व सम्बधित उप मंडल अधिकारी (ना) को अपने-अपने क्षेत्रों के लिए ऑवर ऑल इन्चार्ज नियुक्त किया गया है। सभी अधिकारी जल भराव या कहीं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर पानी निकासी के लिए पम्प सेट स्थापित करने के साथ-साथ पम्प संचालक की ड्यूटी 24 घण्टे करना सुनिश्चित करंगे। यमुना जल संवाएं मंडल सिंचाई विभाग मैकेनिकल मंडल क्षेत्र के अत्यधिक बाढ़ संभावित के लिए कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार, उपमंडल अभियंता प्रवीन कुमार व उपमंडल अभियंता सत्यवान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कंलिगा, चांग, मंढ़ाणा, खेड़ी दोलतपूरा, मुंढ़ाल क्षेत्र के लिए जेई अजय कुमार की ड्यूटी लगाई है। मुंढ़ाल क्षेत्र में जेई सन्दीप कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। प्रेमनगर, धनाना, लोहानी, घुसकानी, गुजरानी, तालु, कुंगड़ क्षेत्र के लिए जंई संदीप को नियुक्त किया गया है। बापौड़ा क्षेत्र के लिए जेई अजय कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। गांव भुरटाना, रतेरा, दाहिमा, जताई, तिगड़ाना व खानक क्षेत्र के लिए जेई संदीप को जिम्मेदारी दी है।

### सड़क हादसे में निजी स्कूल में कार्यरत बॉक्सिंग कोच की मौत

**चरखी दादरी।** गांव झोझूकलां के समीप सड़क हादसे में निजी स्कूल के बॉक्सिंग कोच की मौत हो गई। आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी अनुसार महेंद्रगढ़ जिले के गांव सोहड़ी निवासी महेश बॉक्सिंग कोच था, वह मंदौला स्थित यदुवंशी स्कूल में बच्चों को बॉक्सिंग का अभ्यास करवाता था।

सोमवार को वह बाइक पर गांव से स्कूल के लिए चला था, जब वह झोझूकलां के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में महेश बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने उसे झोझूकलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, जहां से गंभीर हालत में दादरी सामान्य अस्पताल भेज दिया। सामान्य अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि महेश बॉक्सिंग का कोच था, जो यदुवंशी स्कूल के बच्चों को ट्रेनिंग देता था। महेश घर का इकलौता बेटा था। एएसआई पवन कुमार ने बताया कि मृतक के पिता राजकुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं।

# नप प्रशासन ने बावड़ी गेट पर किया दो पशु डेयरी को सील

- बावड़ी गेट क्षेत्र में पशु डायरी संचालित किए जाने का मामला न्यायालय में था विचाराधीन
- न्यायालय के आदेशों पर डेयरी सील किए जाने की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। पशु डेयरी को सील करते हुए।

न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए नगर परिषद ने सोमवार को शहर में बावड़ी गेट क्षेत्र में दो पशु डेयरी को सील किया है। इसके साथ ही शहर वासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे आबादी क्षेत्र में पशु डेयरी ना बनाए। आबादी क्षेत्र में पशु डेयरी बनाना नियमों के विरुद्ध है।

उल्लेखनीय है कि बावड़ी गेट क्षेत्र में पशु डायरी संचालित किए जाने का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय द्वारा इन पशु डेरियों को बंद करने का आदेश जारी किए गए हैं। न्यायालय के आदेशों के चलते ही सोमवार को नगर परिषद प्रशासन ने इन दोनों डेयरी को सील किया। सील किए जाने की कारवाई सफाई निरीक्षक विकास देशवाल और ड्यूटी मजिस्ट्रेट पंचायती राज विभाग के एसडीओ रिंकू की मौजूदगी में की गई। वहीं दूसरी ओर डीएमसी गुलजार मलिक ने बताया कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय के आदेशों पर पशु डेयरी सील किए जाने की कार्रवाई की गई है।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से मिलेगी 300 यूनिट फ्री बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

देशभर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना नागरिकों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें मुफ्त बिजली प्राप्त होगी।

- प्रति वर्ष लगभग 15 से 18 हजार रुपये की बचत होगी।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने बताया कि इच्छुक नागरिक पोर्टल पर जाकर इस योजना संबंधित आवश्यक जानकारी ले सकता है। योजना के तहत सरकार की ओर से सब्सिडी एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने योजना के मुख्य बिंदुओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से मुफ्त बिजली और आर्थिक बचत होगी।

**बेच भी सकते हैं बिजली:** योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त होगी, जिससे प्रति वर्ष लगभग 15 से 18 हजार रुपये की बचत होगी। साथ ही अतिरिक्त बिजली को बिजली वितरण कंपनियों को बेचकर परिवार आय भी अर्जित कर सकते हैं।

# तहसीलदार और नायब तहसीलदार को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

- सरकारी नौकरी में तबादला सामान्य प्रक्रिया : एसडीएम
- दोनों अधिकारियों को विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

एसडीएम डॉ. अशवीर नैन ने कहा है कि सरकारी नौकरी में तबादला एक सामान्य प्रक्रिया है। इससे हर अधिकारी/कर्मचारी को गुजरना पड़ता है, लेकिन कार्यकाल के दौरान हुए अच्छे कार्य व कुशलता को लोग हमेशा याद रखते हैं। एसडीएम सोमवार को तहसीलदार अशोक कुमार व नायब तहसीलदार संजय शर्मा के स्थानांतरण पर उपमंडल परिसर भवन में स्थित सभागार में आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे।

एसडीएम डॉ. अशवीर नैन ने कहा कि अधिकांश नौकरियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक निश्चित अवधि के बाद या प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित किया जाता है। यह एक नियमित प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य काम का अनुभव बढ़ाना, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना और संगठनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करना है। एसडीएम ने दोनों अधिकारियों को विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कानूनगो राजेन्द्र जाखड़, कानूनगो जयप्रकाश, नारायण ऑफिस कानूनगो, बिजेंद्र टीआरए, कानूनगो एवं पटवार एसोसिएशन के प्रधान सुनील पटवारी, राजेश, अनुज, माडूराम, राजबीर, संजय कुमार, राकेश, प्रदीप, परमजीत, अनूप सहित विभिन्न पटवारी, सोमबीर दलाल, अश्वनी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिना खाद के तैयार की जाएंगी सब्जियां, विभाग ने भेजा बजट

# 438 स्कूलों के विद्यार्थी किचन गार्डन में उगी खाएंगे सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा विभाग ने बच्चों की सेहत के प्रति गंभीर हो गया है। दोपहर के समय दिए जाने वाले मिड डे मील (दोपहर का भोजन) में बासी (दो से तीन दिन पहले खेतों से लाई गई सब्जी) को तैयार करके खाने के साथ नहीं दी जाएगी।

अब बच्चों को ताजा सब्जियां खिलाने के लिए स्कूलों में किचन गार्डन स्थापित किए जा रहे है। उन किचन गार्डन से ही सब्जियां तोड़कर या काटकर पकाई जाएगी। इन किचन गार्डनों की खास बात यह रहेगी कि इन सब्जी के पौधों में किसी प्रकार की कोई खाद या फर्टिलाइजर्स नहीं डाली जाएगी,बल्कि इनमें रसोई से निकलने वाला कचरा तथा गोबर की खाद का प्रयोग होगा। ताकि सब्जियों के पौधों में रसायनिक खाद के प्रयोग न किया जाए। इससे सब्जियों की गुणवता तो बनी ही रहेगी। साथ में उनका स्वाद भी बेहतरीन रहेगा। जिले के 438 स्कूलों में किचन गार्डन स्थापित करवाने के लिए शिक्षा विभाग ने 5 हजार रुपये स्कूल के हिसाब से 21 लाख 90 हजार रुपये का बजट जारी किया है। किचन स्थापित करने के लिए राशि स्कूलों के बैंक खातों में भेजी जा रही है। ताकि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले स्कूलों में किचन गार्डन स्थापित करके सब्जी वाले पौधे तैयार किए जा सके।



**भिवानी।** एक मकान पर लगाई गई किचन गार्डन के तहत सब्जी व फूलों के पौधे।

**सीजन वाली सब्जियों के लगाए जांएगे पौधे:** बताया जा रहा है कि किचन गार्डन में सब्जी वाली फसलों के पौधे लगाए जाएंगे। जिस तरह अब हरि मिर्च, बैंगन, टमाटर, घिया, तौरी, कद्दु, के अलावा इस मौसम में उगाई जाने वाली सब्जी की फसलें शामिल है। इसी तरह सर्दी के मौसम में पालक, गाजर, मूली, मटर आदि के पौधों की नर्सरी तैयार की जाएगी। विभाग द्वारा भेजे गए निर्देशों के अनुसार किचन गार्डन में तैयार की गई सब्जियों को दोपहर के समय तैयार किए जाने वाले खाने के साथ बनाया जाएगा और बच्चों को दोपहर के समय भोजन के साथ खिलाया जाएगा। एक तो इन सब्जियों में पोष्टिक तत्वों की भरमार होगी और उनका स्वाद में कोई बदलाव भी नहीं होगा। यहां यह बताते चले कि कई बार मिड डे मील के तहत बनने वाली सब्जी दुकानों से खरीदी जाती है। वह खेतों से दो से तीन दिन पहले तोडकर लाई जाती है। साथ ही किसान खेतों में तैयार की गई सब्जियों में रसायनिक खादों का प्रयोग करते है। जो कि सेहत के लिए हानिकारक होते है। दूसरी तरफ अगर किचन गार्डन में तैयार की सब्जी का प्रयोग होता है तो सब्जी का खर्च बचाया जा सकता है।

## सैकेण्डरी की हिन्दी की परीक्षा में अनुचित साधन के 14 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर में संचालित करवाई गई सैकेण्डरी की हिन्दी विषय की परीक्षा में कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन प्रयोग के 14 मामले दर्ज किए गए, शेष परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। यह जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि उनके उडऩदस्ते द्वारा जिला-सिरसा के परीक्षा केन्द्र आरएसडी वमावि, सांगवान चौक डबवाली रोड़ सिरसा-14(बी-1) के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा नकल रहित व सुव्यवस्थित संचालित हो रही थी। उन्होंने बताया कि बोर्ड उपाध्यक्ष श्री सतीश कुमार के उडऩदस्ते द्वारा करनाल के परीक्षा केंद्र रावमावि., करनाल-10 का निरीक्षण किया। उनके उडऩदस्ते द्वारा जिला-पानीपत के एस.डी.क.व.मा.वि., पानीपत-22(बी-1) परीक्षा केन्द्र का भी निरीक्षण किया, जहां निरीक्षण के दौरान नकल का 01 केस दर्ज किया गया। बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल के उडऩदस्ते द्वारा जिला-नूंह के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर छापेमारी की गई। छानबीन के दौरान अनुचित साधन सामग्री का प्रयोग कर रहे। 13 परीक्षार्थियों के विरूद्ध नकल के मामले दर्ज किए गए।

# सहेली



# जीवन को दिशा देती है बुजुर्गों की सलाह

जीवन में जब भी आप उलझनों में फंस जाएं, समस्याओं से घिर जाएं और समझ में ना आए कि क्या करें, तो ऐसे समय में अपने बड़े-बुजुर्गों के पास जाएं, उन्हें अपनी समस्याएं बताएं, वे बहुत अपनेपन से आपकी बात सुनेंगे, समस्याओं से निकलने का रास्ता बताएंगे। उनके जीवन अनुभव आपके लिए बहुत अनमोल साबित होंगे।

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बड़ों का आशीर्वाद ही नहीं, उनकी सलाहें भी अनमोल होती हैं। छोटी हो या बड़ी, हर उलझन-समस्या में उनका मार्गदर्शन मददगार बनता है। सहज रूप से नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाता है। उनके अनुभव प्रैक्टिकली जिंदगी से मिलवाते हैं। आम-सी सलाह भी जीवन के लिए बहुत मूल्यवान होती है। बरसों जिंदगी से जूझकर जुटाए गए अनुभव और सुख-दुःख को जीते हुए सीखे अनगिनत सबक, नई जेनरेशन की जिंदगी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## अनुभव से सबक

बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में हर तरह के हालात से जुड़े अनुभवों को जीया होता है। सरवाइवल के सूत्रों को खुद समझा होता है। सहज हो या चुनौतीपूर्ण, परिस्थितियां बहुत से सबक सिखाकर जाती हैं। ऐसे में संचित समझ और ज्ञान की पूंजी से भरी उनकी झोली नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सकती है। जीवन के हर पहलू पर उनसे मिली सलाह सही दिशा दिखा सकती है। रिश्तों और करियर से लेकर व्यक्तित्व विकास, सही फैसले लेने और खुद को थामने के मोर्चे पर बड़ों का दृष्टिकोण अहम होता है। जो हर जटिल परिस्थिति में जादू-सा बन मन को दिशा दे जाता है। ऐसे अनमोल सबक किताबों में नहीं मिलते। ना ही हर ओर छाई रील्स और वीडियोज जिंदगी के संघर्षों को जीकर जुटाए गए इस तजुर्बे की बराबरी कर सकते हैं।

## सहजता का भाव

'लेट गो, छोड़ो, जाने दो या भूल जाओ' यह सलाह बड़ों की बातों में अवश्य शामिल होती है। असल में जीवन भर की उलझनों में अपनी ऊर्जा और समय लगा चुके बुजुर्ग इस सच को समझ चुके होते हैं कि अपने आप के प्रति भी सहजता का भाव जरूरी है। मन दुखाने वाली बातों को पकड़कर बैठ जाना असल में खुद को ही दुख देता है। ऐसी चीजों को जाने देना ही सही है। इसीलिए बड़े हमेशा समझाते हैं कि तकलीफदेह बातों को मत पकड़ो। मन में पलता द्वेष या शिकायतें, आज ही नहीं आने वाले कल में भी खुद को ही चोट पहुंचाते हैं। समय और स्थिति बदल जाती है पर मन के कोने में दबा दुख, आक्रोश या दुर्भाव सदा के लिए ठिकाना बना लेता है। हमारे बड़े-बुजुर्ग उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचने के बाद याद करते हुए कहते ही हैं कि 'मुझे यह नहीं करना था' या 'किसी अपने से दूर नहीं होना था' पीछे छोड़े जीवन में जो बातें, निर्णय या शब्द उनके लिए आज अपराधबोध का कारण बन रही हों, वे उनसे बचने की समझ का पाठ जरूर पढ़ाते हैं। इसी के चलते हर हाल में सहज रहने की सलाह देना वे कभी नहीं भूलते।



### खुलकर जीने की सलाह

जिंदगी की आपा-धापी में जीना ही भूल जाने की गलती करने वाले युवाओं को बुजुर्ग खुलकर जीने की सलाह भी देते हैं। अच्छा-बुरा वक्त जीवन भर दस्तक देता रहता है। लोग मिलते-बिछुड़ते हैं। जिम्मेदारियां भी निभानी ही होती हैं। ऐसे में सारा वक्त फिक्र करने में नहीं लगाया जा सकता है। डरकर जिंदगी को नहीं जिया जा सकता। हमारे बड़ों ने बहुत से हालातों से गुजरने के बाद यही समझा होता है कि बात-बात में भयभीत होने का कोई अर्थ नहीं। जीवन की अपनी गति है। उसके साथ सहजता से चलते रहना ही सही तरीका है। यही कारण है कि हमारे बुजुर्ग सामाजिक-पारिवारिक माहौल से जुड़ने की सलाह भी देते हैं। भारतीय समाज में तो घर बसाने के मामले में बुजुर्गों की सलाह आज भी सबसे अहम मानी जाती है। बड़े भी अपने अनुभवों से सावधानी के साथ अपना जीवन साथी चुनने की ना केवल सलाह देते हैं बल्कि चुनाव में मदद भी करते हैं। जिसके साथ जीवन बिताना हो, उसके बारे में व्यावहारिक धरातल पर सब कुछ जानने-समझने की समझाइश देते हैं। सोशल-फैमिली फ्रंट पर आज के बदलते दौर में बड़ों की एडवाइस बहुत कारगर साबित होती है।



## स्वास्थ्य सहेजने का सुझाव

अपने शरीर की देखभाल करने का सुझाव बड़े-बुजुर्ग बहुत गंभीरता से देते हैं। सेहत सहेजने के लिए समय रहते सजग होने का पाठ पढ़ाते हैं। अपने स्वास्थ्य की संभाल को लेकर की गई अनदेखी या किसी गलती का उदाहरण भी देते रहते हैं। वे नहीं चाहते कि नई पीढ़ी बीमारी के बारे में देर से जानने या सही समय पर अवेयर न होने की गलती करे। इसीलिए एक्टिव रहने, बुरी आदतों से बचने और नियमित जांच करवाने की सलाह बड़े-बुजुर्ग देते हैं। छोटी सी गलती का खामियाजा कितना बड़ा हो सकता है, वे देख चुके होते हैं। इसीलिए नई पीढ़ी को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परंपरागत चीजों की जानकारी भी देते रहते हैं। हम यह बात जोर देकर कहेंगे कि समय निकालकर अपने बुजुर्गों के पास बैठें। उनकी बातें सुनना जीवन के एक भरे-पूरे खजाने को खंगालने जैसा है। इसी खजाने से आपको जीवन जीने का सलीका सिखाने वाली सलाहों के अनमोल मोती मिलेंगे। ❀

---

हर इंसान अपने करियर में कामयाब होना चाहता है। वह इसके लिए प्रयास भी करता है, लेकिन बाधाएं भी आती हैं। इन बाधाओं से कभी हताश-निराश ना हों। हम आपको बता रहे हैं, बाधा को दूर करने के लिए आप कौन से कारगर उपाय अपनाएं।

# ऐसे दूर करें बाधाएं सफलताएं चूमेंगी कदम

सक्सेस फंडा

शिखर चंद जैन



कई बार आप जब कुछ करने वाली होती हैं तो आपका मन विचलित हो जाता है, काम से ध्यान हट जाता है, काम आगे नहीं बढ़ पाता। आपकी मानसिक स्थिति आपको आगे नहीं बढ़ने देती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो ध्यान दीजिए और कुछ सामान्य उपाय अपनाइए ताकि बाधाएं दूर हों। आपका काम सुचारु रूप से आगे बढ़े। आप सफलता अर्जित करें।

**जब काम में ना लगे मन:** कई बार जब हम कोई काम शुरू करते हैं तो हमारा मन नहीं लगता, ऊब-सी होती है या मन इधर-उधर भटकता है। ऐसी स्थिति में आप सबसे पहले वह काम शुरू करें, जिसमें आपकी रुचि ज्यादा हो। इस काम को पूरा होने का दृढ़ संकल्प लें। इससे आपके मन में एक नई ऊर्जा जागृत होगी।

**आत्मानुशासन है जरूरी:** जीवन में बाधाएं आपको पग-पग पर मिलेंगी। आप उन पर नियंत्रण नहीं कर सकतीं, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया और अपने मन पर अवश्य नियंत्रण रख सकती हैं। लाइफ में सेल्फ डिसीप्लीन भी जरूरी है। आपकी इच्छा शक्ति इतनी प्रबल होनी चाहिए कि अगर कुछ करने की योजना बना ली है तो उसे किसी भी कीमत पर टालना नहीं है।




**योजना और लक्ष्य के साथ बढ़ें:** बिना योजना बनाए और बिना किसी लक्ष्य के आगे बढ़ना ऐसा ही है, जैसे ट्रेन में बैठ गए लेकिन पता नहीं है कि पहुंचना कहां है? जाहिर है, आपको अपने टारगेट का पता नहीं होगा तो आपका ध्यान इधर-उधर भटकेगा ही। वहीं जब आप योजना और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी तो आपको अपने एक-एक कदम की जानकारी रहेगी कि आप क्या कर रही हैं और आगे क्या करना है? ऐसे में आपका ध्यान पूरी तरह अपने काम पर केंद्रित रहेगा। अगर बाधाएं आती भी हैं तो आप उन्हें पार करती चली जाएंगी।

**लोगों से लें सलाह:** समस्याएं और बाधाओं के आने पर कभी घबराएं नहीं, संयत रहें। अपने आस-पास मौजूद अनुभवी लोगों, इष्ट मित्रों या परिजनों की सलाह और मदद लें। उन्हें अपनी स्थिति और समस्याओं के बारे में बताएं और उन्हें सुलझाने का उपाय पूछें। कई बार जब आप विभिन्न लोगों से राय लेती हैं तो उनकी राय भले पसंद ना आए, लेकिन उनके आधार पर आपके दिमाग में कोई नया आइडिया आ सकता है।

**नए तरीके आजमाएं:** कई बार जब हम लगातार अड़चनों से घिरने लगते हैं, अपने काम से संतुष्ट नहीं होते तो एंजायटी और सेल्फ डाउट हम पर हावी हो जाता है। ऐसी स्थिति में हम अंतर्मुखी होने लगते हैं। छोटी-छोटी बाधाएं भी हमें बड़ी लगने लगती हैं। नतीजतन हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से डरने लगते हैं। ऐसे में हमें जीने और काम करने के नए तरीके आजमाने चाहिए।

**व्यवधान वाले लोगों से दूरी:** हम सबके जीवन में कुछ लोग ऐसे आ जाते हैं, जो व्यवधान, कलह और अशांति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों को शीघ्र पहचान लें। अनसपोर्टिव और हमेशा डिस्टर्ब करने वाली रिलेशनशिप से जल्द से जल्द दूरी बना लें। यदि ऐसे लोग काफी नजदीकी रिश्तेदार हैं तो उनके साथ बहुत औपचारिक संबंध रखें।

**विश्वास रखें:** हम लक्ष्य तय करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो कई प्रकार के व्यवधान आते ही हैं। किसी कारणवश ठिठकना या रुकना पड़ जाए तो घबराना नहीं चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई कहते हैं, 'बाधाएं लक्ष्य प्राप्ति की प्रक्रिया का नैसर्गिक हिस्सा हैं। कई बार हमें अपने कामों के लिए दूसरों पर भी निर्भर होना पड़ता है। ऐसे में आपको उन पर भरोसा रखना होता है। साथ ही खुद पर भी भरोसा रखें।' अपनी बेहतरीन कोशिश करते समय याद रखें कि दुनिया आपके प्रदर्शन, कार्य-कौशल और जुनून को देख रही है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, आपकी कामयाबी की राहें खुलती जाएंगी। ❀

---

परवरिश

दीपिका शर्मा

पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म होने पर दोनों नन्हे बच्चों का लालन-पालन मां के लिए आसान नहीं होता है। पहला बच्चा दूसरे के जन्म के बाद अपने आपको इग्नोर ना समझे, दोनों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

# सेकेंड बेबी के आने पर बड़े को ना करें इग्नोर



अक्सर यह देखा जाता है, सेकेंड बेबी के आने पर पैरेंट्स अपने बड़े बच्चे की परवरिश में लापरवाही बरतने लगते हैं, वे पूरा ध्यान सेकेंड बेबी पर लगा लेते हैं। समय से पहले ही बड़े बच्चे को बड़ा होने का एहसास दिलाने लगते है, इस कारण बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए जरूरी है कि बच्चे की सही परवरिश पर ध्यान दें। अगर आप दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे हैं तो भी या आप दो बच्चों के पैरेंट्स हैं तो भी ऐसी गलतियां करने से बचें ताकि पहले बच्चे के मन में अपने सिबलिंग के लिए ईर्ष्या की भावना ना पैदा हो, अपने माता-पिता के प्रति उसके मन में नकारात्मक भाव जन्म ना लें।

**बड़ा होने का ना दें दबाव:** अधिकतर पैरेंट्स में मां ही बच्चों के साथ अधिक समय बिताती है। ऐसे में पहले बच्चे को बात-बात पर यह दबाव ना डालें कि वह छोटे बेबी के आने से बड़ा हो गया है, क्योंकि इससे बच्चे अपने आने वाले छोटे भाई-बहन के सामने खुद को इग्नोर-इंसिक्योर समझने लगते हैं।

**डालें शेयरिंग-केयरिंग की आदत:** सेकेंड प्रेग्नेंसी की शुरुआत से ही बड़े बच्चे में धीरे-धीरे शेयरिंग और केयरिंग की आदत डेवलप करना शुरू कर दें, क्योंकि अगर दूसरे बच्चे के आने के बाद पहले बच्चे की चीजें आप साझा करेंगी तो बच्चे के मन में यह बात आएगी कि वह अपने मम्मी-पापा के लिए इंपॉर्टेंस नहीं रखता, नया बेबी अब ज्यादा प्यारा है, ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इससे बच्चे में हीन भावना उत्पन्न होने लगेगी।

**बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं:** माना कि घर में छोटा बच्चा है तो मां को बहुत से काम होते हैं, इस कारण वह बड़े बच्चे पर पूरा ध्यान नहीं दे पाती, लेकिन आपकी यह गलती बच्चे के मन में घर कर सकती है। उसके मन में हमेशा यही भाव रहता है कि मुझे कोई प्यार नहीं करता। वह घरवालों से कटने लगता है। उसे मूड स्विंग की भी परेशानी होने लगती है, इसलिए जरूरी है कि बड़े बच्चे के साथ थोड़ा वक्त जरूर बिताएं, उसके साथ हंसी-मजाक करें, उसके साथ थोड़ा खेलें, उसे सोने के समय कोई छोटी-सी कहानी सुनाएं और जागते समय दुलार करें। उसे एहसास दिलाएं कि आप उसको भी बहुत प्यार करती हैं।



**छोटे की गलती पर बड़े को ना डांटें:** कई बार मांएं, छोटे बच्चे के साथ खेलने या उसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी बड़े को दे देती हैं और अगर उससे कोई भूल हो जाती है तो उसे डांटने लगती हैं। ऐसा करने से बड़ा बच्चा भावनात्मक रूप से बिल्कुल अकेला महसूस करता है। इसलिए कोई गलती करने पर भी बड़े बच्चे को डांटने या झिड़कने के बजाय जहां तक हो सके उसे प्यार से ही समझाएं।

**बड़े बच्चे के जन्म के समय की यादें बताएं:** जिस तरह आप अपने छोटे बेबी की केयर से जुड़े ढेरों काम करती हैं, इसी तरह आप बड़े बच्चे के भी काम उसके जन्म के समय करती थीं, इन बातों को उसे बताएं। उसकी शैतानियां या कैसे वो खाता था, इस तरह की छोटी-छोटी बातें उसके साथ साझा करें। इससे वो समझ पाएगा कि उसके छोटे भाई या बहन के लिए भी मां की केयर बहुत जरूरी है।

**बड़े बच्चे को प्रोत्साहित करें:** बच्चा अगर आपसे अपनी कोई बात कहना चाहता है तो उसकी सुनें या उसने कोई अच्छा काम किया है तो तारीफ कर प्रोत्साहित करें। ❀

---


मेकअप

सरिता गुप्ता

# बारिश के दिनों में ऐसा हो मेकअप

बारिश के दिनों में उमस और चिपचिपाहट के कारण मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप इन दिनों वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। ये मेकअप प्रोडक्ट्स आपके मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग रखते हैं। इसके साथ ही हम आपको यहां कुछ ऐसे मेकअप टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी खूबसूरत और फ्रेश नजर आएंगी।

**प्राइमर-फाउंडेशन:** इस मौसम में एक स्मूद मेकअप बेस बनाने और एक्सेस ऑयल को मैनेज करने में मदद करने के लिए मेकअप से पहले मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं। यह मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। इसके साथ ही वाटरप्रूफ फाउंडेशन का यूज करें, जो आपकी स्किन पर पसीना नहीं आने देगा। ऐसा करने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और आपको फ्रेश लुक मिलेगा।




**सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक:** बरसात के मौसम में आप सेमी-मैट फिनिश लिपस्टिक का चुनाव कर सकती हैं। इससे आपके होंठ रूखे नहीं लगेंगे। इसके अलावा आप अपनी पसंद के शेड में स्मज-प्रूफ और लंबे समय तक टिकने वाला लिप लाइनर चुनें। फिर होंठों पर टिंट या टिंटेड लिप बाम लगाएं ताकि होंठ मॉश्यचराइज रहे और लिप मेकअप पानी में बहे नहीं।

**आई मेकअप प्रोडक्ट्स:** इस मौसम में हमेशा आई मेकअप के लिए वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का ही यूज करें। सबसे पहले इसकी शुरुआत वाटरप्रूफ मस्कारा से करें, जिसे लगाने के बाद बारिश में भीगने पर भी आपकी आंखों की खूबसूरती बिल्कुल कम नहीं होगी। साथ ही आप काजल या आई लाइनर भी वाटरप्रूफ ही लगाएं।

**सेटिंग पावडर:** बारिश के मौसम में, मेकअप से पहले और बाद में चेहरा ऑयली नजर आने लगता है। लेकिन जब आप सेटिंग पावडर से उसे सेट कर देती हैं तो मेकअप एकदम मैट लुक देता है और फ्लॉलेस नजर आता है। यह मेकअप को इस मौसम में मेल्ट होने से बचाता है, इसलिए सेटिंग पावडर को अपनी मेकअप किट में जरूर शामिल करें।

**सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल:** मेकअप करने के सबसे बाद में मेकअप को लॉक करने के लिए सेटिंग स्प्रे अप्लाई करें। ये प्रोडक्ट ऐसा होना चाहिए, जो मैट-फिनिश लुक प्रदान करता हो और लंबे समय तक चलने वाला फार्मूला डिजाइन किया गया हो। इससे आपके मेकअप को नमी झेलने में मदद मिलेगी और आप लंबे समय तक फ्रेश नजर आएंगी। ❀



**(मेकअप एक्सपर्ट रक्षा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

---

डाइट

राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में अनेक संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए अपनी डाइट को लेकर एलर्ट रहना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे फल, सब्जियों के बारे में, जिन्हें इस दौरान खाने से बचना चाहिए।

# रेनी सीजन में इन्हें ना करें अपनी डाइट में शामिल





बारिश के दिनों में ज्यादातर लोग खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण ही बीमार पड़ते हैं। यही वजह है कि इन दिनों डॉक्टर भी खाने-पीने में परहेज बरतने की सलाह देते हैं। इन दिनों विटामिन और मिनरल से भरपूर सब्जियां भी खराब मौसम के कारण हमारे लिए नुकसानदेह साबित होने लगती हैं, क्योंकि कई ऐसी सब्जियां होती हैं, जिनमें बैक्टीरिया बहुत तेज गति से बढ़ने लगते हैं और अगर हम उनका सेवन कर लेते हैं, तो वे हमारे लिए पाचन और पेट संबंधी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। विभिन्न हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार हम आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में कौन से ऐसे फल और सब्जियां हैं, जो जल्दी खराब होती हैं इसलिए इन्हें खाने से परहेज करना चाहिए।

**हरी सब्जियां:** बारिश के दिनों में पालक, मेथी, विभिन्न तरह के साग, धनिया, पुदीना, सलाद पत्ता जैसी हरी सब्जियों में ज्यादा नमी होने से बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इनमें से कई सब्जियों में तो बारिश के दिनों में कीड़े भी पैदा हो जाते हैं। खेतों में पानी भरने के कारण इनमें गंदगी लग जाती है और इन्हें हम कितना भी साफ कर लें, इनमें बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। इसलिए बारिश के दिनों में हरी सब्जियां खाने से खास परहेज बरतना चाहिए।

**अंकुरित अनाज:** जैसा हम जानते हैं, किसी भी तरह के अनाज को अंकुरित करने के लिए पहले उसे 8-10 घंटे भिगोया जाता है और फिर उसके बाद उसे अंकुरित करने के लिए रखा जाता है। इस सारी प्रक्रिया में लंबे समय तक पानी या नमी के संपर्क में रहने के कारण और वातावरण में नमी होने के कारण अंकुरित अनाज जल्दी सड़ने लगते हैं। इनमें फंगस लगने का खतरा बढ़ जाता है। इनको अगर कच्चा खाया जाता है तो इनसे इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए इस मौसम में अंकुरित अनाज थोड़ा पकाकर खाएं।

**मशरूम:** बारिश के मौसम में मशरूम खाने से परहेज करना चाहिए। मशरूम को नमी वाले वातावरण में उगाया जाता है। इसमें पहले ही बैक्टीरिया होते हैं। नमी के कारण यह जल्दी खराब होने लगते हैं। इन्हें खाने पर डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में लगातार दही और छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया जल्दी पनपते हैं। आयुर्वेद में तो दही को बरसात के मौसम में खाने की मनाही होती है। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्या पैदा कर सकते हैं।

**सलाद:** सलाद में इस्तेमाल होने वाले खीरे, गाजर, मूली, चुकंदर जैसी कच्ची चीजों में कीड़े होने की आशंका रहती है। भले ही यह दिखने में खराब न लगें, लेकिन अंदर से खराब होने के कारण इन्हें खाने से इंफेक्शन का खतरा रहता है।

**सीफूड-मछली:** मानसून के दौरान मछली या प्रॉन खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय उनके प्रजनन का होता है और इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नदियों और झीलों में पानी प्रदूषित होने से मछलियों के शरीर के ऊपर गंदगी जमा हो जाती है। ऐसे में इन मछलियों का सेवन करने से सेहत को भी नुकसान हो सकता है। ❀

## खबर संक्षेप

### सर्व कर्मचारी संघ ने भरी हड़ताल के लिए हुंकार

**बवानीखेड़ा।** 9 जुलाई को कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ खंड बवानी खेड़ा की टीम ने खंड प्रधान चांदराम के नेतृत्व में डाकघर, खाद्य आपूर्ति, बीज विकास निम, हैफेड, स्टेट वेयरहाउस, राकवमावि में कर्मचारियों से मिले। टीम में बिजेन्द्र तालू फोरमैन, रामनरेश कौशिक, बिजेन्द्र सांगवान, राजबीर सिंह , कमलजीत कपूरिया, संदीप पुनिया द्वारा हडताल के मुख्य मददों में चार श्रम कोड कानून को रदद करवाने, स्मार्ट मीटर योजना वापिस लेने की मांग की।

### विधायक के परिवार ने की पौधरोपण की शुरुआत

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हलका विधायक कपूर वाल्मीकि की धर्मपत्नी संतोष, विधायक के बड़े भाई मा. राजेश कुमार कुमार की पत्नी बीरमती, छोटे भाई राकेश कुमार की पत्नी पूनम ने अपने बच्चों दीपिका, रश्मि, अंजली, हंसू संग मिलकर पौधरोपण अभियान चलाया। इस अभियान की शुरूवात उन्होंने अपने प्रांगण से की और तत्पश्चात विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर पौधारोपण किया।

### हड़ताल के लिए कई गांवों में निकाला बाइक जत्था

**भिवानी।** ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ और सीटू के संयुक्त कर्मचारी जत्थों ने विभिन्न विभागों में जाकर कर्मचारियों से संपर्क किया। बता दें कि ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर हड़ताल नौ जुलाई को पूरे देश में होगी, जिसमें बीएंडआर हरियाणा टूरिज्म, सिंचाई, नगर पालिका, बिजली निगम, रोडवेज, आईटीआई, शिक्षा बोर्ड, नपा में गेट मीटिंगों में स्टेट के जत्थे में कर्मचारियों के साथ बैठक की।

### दो एकड़ भूमि पर लगाए पौधे, ईटों से बनाए गमले

**ढिगावामंडी।** ढाणा जोगी आश्रम के महंत योगी केशवनाथ ने ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रसिद्ध गांव पहाड़ी की गौशाला में करीब दो एकड़ में पौधारोपण अभियान चलाया। श्री महंत योगी ने गोशाला में पौधे लगाए और पौधों की सुरक्षा के लिए इटों की चार दिवारी बनाई गई ताकि बेसहारा पशु पेड़ों को नष्ट न कर दे।

### विधायक ने कई गांवों में ई रिक्शा भेंट की

**बाढड़ा।** विधायक उमेद पातुवास ने सोमवार को एक दर्जन गांवों में ई रिक्शा वितरण कर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में आज विकास का नया दौरा चल रहा है। पीएम मोदी की अगुवाई में देश का रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ रही है।

### अजय सिंह चौटाला ने जताया शोक

**बाढड़ा।** जजपा संस्थापक डाक्टर अजय सिंह चौटाला ने दादरी व बाढडा हल्के के दर्जनों गांवों के दौरे किए। और लोगों के सुख दुख में शामिल हुए। काकडौली हट्टी में सुबेदार रणसिंह के निधन पर उनके घर शोक व्यक्त करने गये व काकडौली हुक्मी में शहीद नवीन के घर पर पहुंच कर परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए अजय सिंह चौटाला ने कहा कि लोगों में जजपा से जुडने को लेकर उत्साह है।

### सीटीएम जितेंद्र कुमार ने जन समस्याएं सुनीं

**चरखी दादरी।** जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम जितेंद्र कुमार ने जन समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सीटीएम ने कहा कि प्रशासन जन समस्याओं को लेकर संवेदनशीलता से कार्य कर रहा है व शिविर ठोस कार्यवाही का प्रभावी मंच है।शिविर में ग्रामीण विकास, नगर परिषद, परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य विभागों से संबंधित कई शिकायतें दर्ज की।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना हम सबका कर्तव्य : सीजेएम

# सीजेएम ने झरवाई में पौधरोपण कर ग्राम पंचायत को भेंट किए 1000 पौधे

कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव झरवाई की सरपंच कमला देवी ने की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

न्यायिक क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए भिवानी के सीजेएम पवन कुमार ने गांव झरवाई में प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचकर गांव में पौधें रोपित किए और ग्राम पंचायत को एक हजार पौधें भेंट किए। इन पौधों को ग्राम पंचायत द्वारा गांव के विभिन्न स्थानों पर लगाया जाएगा, जिससे झरवाई जल्द ही हरियाली से सराबोर हो उठेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव झरवाई की सरपंच कमला देवी ने की।

इस दौरान सीजेएम पवन कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन, स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या कुछ विशेष संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि ये हम सबका सांझा कर्तव्य है, ऐसे में प्रत्येकजन को चाहिए कि वे अधिक से अधिक पौधों का रोपण करें तथा पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करें। सीजेएम ने सभी से आह्वान किया कि वे अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य रोपित करें।



**भिवानी।** पौधरोपण करते सीजेएम पवन कुमार व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### आमजन के लिए मिसाल

*सरपंच कमला व सरपंच प्रतिनिधि राजेश सांगवान ने कहा कि सीजेएम पवन का ये कदम अन्य अधिकारियों और आमजन के लिए मिसाल पेश करता है कि कैसे हम अपने आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीजेएम द्वारा भेंट किए पौधें गांव में विभिन्न स्थानों पर रोपित किए जाएंगे तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।*


**भिवानी।** पौधरोपण करते शिक्षक व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## आर्य कन्या उच्च विद्यालय में छोटे बच्चों ने किया पौधरोपण

**भिवानी।** वन महोत्सव के उपलक्ष्य में खाड़ी महोल्ला स्थित आर्य कन्या उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति की प्रेरणा एवं मधु तंवर की देखरेख में प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी ने फूल, नींबू, सुदर्शन, तुलसी आदि के पौधें विद्यालय परिसर में रोपित किए। साथ ही रोपित किए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी विद्यार्थियों ने ली। मधु तंवर ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल किताबी ज्ञान जरूरी नहीं, उन्हें सामाजिक दायित्व से अवगत करवाना भी जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना सबसे बड़ा सामाजिक दायित्व है। इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालय में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण अभियान चलाया, ताकि विद्यार्थी पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण का महत्व जान सकें। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधें वातावरण को स्वच्छ बनाकर हमें ऑक्सीजन देते है और वर्षा लाने में सहायक होते हैं, जिसे ऋतु चक्र संतुलित बना रहता है। इस मौके पर मंजू, प्रवीण, कविता, बबीता, हरिहर आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** पौधरोपण करते शिक्षक व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर संरक्षण की जिम्मेदारी ली

- विद्यार्थियों ने एक पौधा संकल्प के साथ अभियान को आगे बढ़ने का किया वायदा
- हरित वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार : पिंकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार के आदेशानुसार व फालसा इको क्लब के नोडल अधिकारी शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू के निर्देशन में सोमवार को मुकेश सांगवान के सहयोग से पौधरोपण अभियान चलाया।

विद्यालय के सभी शिक्षकों, छात्र छात्राएं को पौधों के महत्व के बारे में बताया तथा उन्हें नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर रोपित किए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने ली। नोडल अधिकारी विनोद पिंकू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें खुद आगे आना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के उदेश्य से एक पौधा रोपित किया, ताकि पर्यावरण को हरा-भरा बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि हरित वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। पौधरोपण जैसे छोटे प्रयास पर्यावरण संरक्षण बनाए रखने की बड़ी भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में हर छात्र एक पौधा संकल्प के साथ अभियान को आगे बढ़ाने का वायदा किया। विद्यालय परिसर में संकल्प लिया कि पर्यावरण संरक्षण दिशा में ऐसे आयोजन समय किए जाते रहेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अनिल शर्मा, गुड्डी, लक्ष्मी, बबीता, अनिल, परवेश कुमारी, नवीन ढांडा, विजेंद, विमला, रामअवतार आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क रिसर्च करेंगे ईशान व अंशुल

- अब ईशान व अंशूल की नि :शुल्क होगी रिसर्च, पांच हजार रुपए प्रतिमाह मिलेगा स्टाइपेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आरपीएस महेंद्रगढ़ के दो विद्यार्थी ईशान व अंशुल ने इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा आयोजित बैचलर आफ मैथमेटिक्स प्रवेश परीक्षा में अपनी केटैगरी में आल इंडिया लेवल पर दूसरी व तीसरी रैंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दोनों चयनित विद्यार्थी इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट कोलकाता में निःशुल्क रिसर्च करेंगे। साथ में इन दोनों विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन लेवल पर पांच हजार रुपये और पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल पर आठ हजार रुपये प्रति माह स्टाइफंड मिलेगा। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस आज अभिभावकों के विश्वास के पर बच्चों के सपनों को साकार करने का उचित मंच बन चुका है। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि आरपीएस की शौधपूर्ण शिक्षा के बल पर आज हर क्षेत्र में आरपीएस के बच्चे अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं।



**महेंद्रगढ़।** ईशान व अंशुल को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## जयंती के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया

- महाराजा दक्ष प्रजापति के जीवन आदर्श एवं सिद्धांतों से अवगत करवाना कार्यक्रम का उद्देश्य : मामनचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भीम स्टेडियम में 13 जुलाई को होने वाले प्रदेश स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए तैयारियां जोरों पर है। समारोह को सफल बनाने के लिए आयोजन कमेटी के सदस्यों ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया, जिसके तहत विभिन्न गांवों व शहर की विभिन्न कॉलोनियों में जाकर अधिक से अधिक लोगों के कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया। सोमवार को आयोजन कमेटी के सदस्य पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति व रमेश टांक के नेतृत्व में अनेक स्थानों पर डोर-टू-डोर अभियान चलाया तथा लोगों से संवाद साधा। पूर्व चेयरमैन मामनचंद व टांक ने कहा कि समारोह का उद्देश्य महाराजा दक्ष प्रजापति के जीवन और उनके योगदान को याद करना है। कार्यक्रम के माध्यम से महाराजा दक्ष प्रजापति के जीवन आदर्श एवं सिद्धांतों से अवगत करवाया जाएगा, ताकि प्रत्येकजन उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज व राष्ट्र की तरक्की में अपना योगदान दे सकें।


**भिवानी।** डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को न्योता देते मामनचंद प्रजापति, रमेश टांक व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### सीएम होंगे मुख्यातिथि

जयंती समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यतिथि होंगे। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा सहित अनेक मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर महाराजा दक्ष प्रजापति के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस अवसर पर सोनू कालिया, रामशरन ठेकेदार, सतपाल ठेकेदार, महाबीर मोखरा, धर्मबीर प्रधान, संजय चौहान, पूर्व पार्षद दलबीर, लीला ठेकेदार, दीपक वर्मा व सतबीर बेरला आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

- पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए रहेंगे प्रयासरत : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव धारेडू में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक के सम्मान में सोमवार को समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बजरंग ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जिन्होंने जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक को फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष को सम्मानित करने पहुंचे लोगों ने उनके संगठनात्मक योगदान, नेतृत्व क्षमता और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को सराहा। उन्होंने बताया कि कौशिक के नेतृत्व में जिले में भाजपा ने कई सामाजिक व संगठनात्मक अभियानों को सफलतापूर्वक चलाया, जिससे पार्टी की जड़ें आमजन तक मजबूत हुई हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने उपस्थित सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हर उस कार्यकर्ता का है जो ईमानदारी से संगठन के लिए कार्य कर रहा है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हर वर्ग को साथ लेकर चलती है तथा हर वर्ग का उत्थान ही भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य है। कौशिक ने कहा कि उनका उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को प्रत्येक जन तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक लाभार्थ तक योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच सकें।


**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्षद सुनील, सरपंच संदीप फूलपूरा, सुनील भारद्वाज, सरपंच दिनेश उमरावत, सरपंच नरेश रामपूरा, सरपंच नरेश गौतम कायला, सरपंच जितेन्द्र बडाला, मास्टर मुंशीराम, नारायण धारेडू, आचार्य रमेश, धर्मेंद्र जिंदल, रमेश पचेरवाल, धीरज शर्मा,बंटी लवकेश, डाक्टर इतेंद्र शर्मा व सामाजिकगण व प्रमुख लोग उपस्थित रहें।

## ऐतिहासिक होगी 9 की हड़ताल

- नौ जुलाई की हड़ताल में ट्रेड यूनियनें, भूतपूर्व कर्मचारी संगठन भी बढ़चढ़ कर भागीदारी करेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

केन्द्र की ट्रेड यूनियनों द्वारा नौ जुलाई को संचालित होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सभी विभागों के कर्मचारी व भूतपूर्व कर्मचारी बढ़चढ़ कर भागीदारी कर सरकार को जनविरोधी फैसलें वापस लेने पर मजबूर कर देंगें। इसमें प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों की विशेष भागीदारी रहेगी।

यह बात रिटायर्ड कर्मचारी संगठन राज्य महासचिव सत्यवान शास्त्री ने हलके दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की मनमानी नीतियों व कर्मचारियों पर थोपे जो रहे नए -नए नियमों के खिलाफ यह हड़ताल अपने आप में ऐतिहासिक होगी। केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार लोकतंत्र के नियमों के विपरित फैसलें लेकर कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ कर रही है जिससे आज सरकारी रोजगार की गारंटी पूरी तरह खत्म हो गई है। आजाद भारत में पहली बार हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के नियमों के खिलाफ नियम लागू किए तथा बाद में न्यायपालिका के दबाव में नियमित कर्मचारियों को रातोंरात अस्थाई कर्मचारी का दर्जा दे दिया गया है जो अपने आप में एक हैरानी भरा फैसला है। आज सभी विभागों के कर्मचारी लंबित वेतन विसंगति, ए1सग्रेसिया, वेतन आयोग की खामियां, पदौन्नति मामलों सहित अस्थाई कर्मियों को नियमित न करने जैसे मुद्दों को लेकर नौ जुलाई को राष्ट्रीय स्तर की हड़ताल कार्यक्रम रखा गया है और इसको सभी वर्गो, संगठनों का भारी समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष होशियार सिंह आदमपूर, कोषाध्यक्ष छतर सिंह, रणसिंह श्योराण, ओमप्रकाश भुक्कल, निहाल सिंह मताना, राजबीर सिंह, आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

### रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ले भाग

*उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संगठन प्रदेशाध्यक्ष जलकरण बल्हारा व संयोजक प्रेम सिंह सैनी के दिशानिर्देश पर सभी पदाधिकारी अपने -अपने जिलों में संपर्क अभियान चलाए हुए हैं और सभी कर्मचारी, पूर्व कर्मचारी रिकार्ड सख्या में भाग लेंगे।*

## बड़ी शैक्षणिक संस्थाओं को हाशिये पर धकेल रही है सरकार : सत्यवीर

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर बनाई रणनीति

- राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सीटू व एसकेएस का जत्था पहुंचा शिक्षा बोर्ड कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कर्मचारियों में जोश व हुंकार भरने को लेकर सोमवार को सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का जत्था हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कैंपस में पहुंचा। जत्थे में एसकेएस के पूर्व ऑडिटर बाबू सुखदेव, सीटू जिला प्रधान राममहेर, एसकेएस जिला प्रधान सूरजभान जटासरा, एसकेएस भिवानी के ब्लॉक प्रधान सुशील, एसकेएस जिला सचिव मा. सुमेर आर्य व बिजली बोर्ड सर्कल सचिव अशोक गोयत शामिल रहे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तालमेल कमेटी द्वारा गर्मजोशी के साथ जत्थे का स्वागत यिका गया। इस अवसर पर आयोजित द्वार सभा की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सत्यवीर स्वामी एवं जितेंद्र दलाल ने की तथा मंच का संचालन सोमबीर पुनिया ने किया। द्वार सभा में वर्तमान सरकार द्वारा कर्मचारियों के साथ की जा रही मनमानी का घोर विरोध किया गया। इस कड़ी में सत्यवीर स्वामी व जितेंद्र दलाल ने बताया कि सरकार द्वारा बड़ी शैक्षणिक संस्थाओं को हाशिये पर धकेलने का ज्वलंत उदाहरण बोर्ड कार्यालय से चुपके-चुपके विभिन्न राजकीय विद्यालयों को हरियाणा बोर्ड से छीनकर सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता देकर किया जा रहा है। यदि इसी प्रकार यह प्रक्रिया जारी रही तो शिक्षा बोर्ड का भविष्य तो अंधकार होगा ही, एक गरीब परिवार का बच्चा शिक्षा ग्रहण करने से वंचित हो जाएगा।


**भिवानी।** हड़ताल को लेकर कर्मचारियों को संबोधित करता एक वक्ता।

### मजदूर बनकर रह जाएंगे बच्चे

मा. कर्मचारी नेताओं ने बताया कि आजादी के बाद पूर्व सरकारों द्वारा कठोर संघर्ष, लग्न व जीवटता से आमजन की सुविधा के लिए जो बड़े-बड़े सरकारी उपक्रमों की ढ़ांचागत व्यवस्था बनाई गई थी, उन सभी को वर्तमान सरकार अपने चहेते पूंजीपतियों के हाथो सुपुर्द कर रही है। जिससे तमाम बड़ी संस्थाओं का निजीकरण हो जाने से जीवनयापन के लिए शिक्षा, रोजगार व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से आमजन वंचित हो जाएगा। जिसके दुष्परिणाम स्वरूप भविष्य में गरीब व मध्यम वर्ग के बच्चें इन पूंजीपतियों के लिए केवल एक सस्ते मजदूर बनकर रह जाएंगे।

## राम कृपा कुटीर के निकट पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

प्रकृति की निकटता हर बच्चे के लिए न सिर्फ अनोखा अनुभव होती है साथ में उसके बचपन को अधिक निखारती भी है ऐसे में अगर कोई बच्चा लगातार वृक्षारोपण का कार्य करे तो वह अत्यंह ही सराहनीय है। गांव नरसिंह वास निवासी मास्टर प्रदीप शर्मा का पुत्र आठवीं कक्षा के विद्यार्थी अभिषेक द्वारा लगातार जिस प्रकार से काम किया जा रहा है उसकी सराहना सभी कर रहे है। अभिषेक पिछले कुछ वर्षों से अपने घर व पशु बाड़े के आस पास घीया तौरी कद्दू पेठा आदि की बेल बोकर ओरेगनिक सब्जी स्वयं के घर के साथ साथ बहुत से लोगों को वितरित भी करता है। सोमवार को इसबच्चे ने गांव के श्री राम कृपा कुटीर के निकट बरसात के मौसम में अमरूद, जामुन ,शहतूत आदि के फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति संदेश दिया है। गौरतबल है कि अभिषेक विद्यार्थी पहले भी आस पास के क्षेत्रों में काफी पेड़ पौधे लगा चुका है।



## खबर संक्षेप

### युवाओं ने पौधरोपण अभियान चलाया

**लोहारू।** बरसाती सीजन में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान चलाकर 22 पौधे रोपित किए। प्रदीप सोहांसरा ने गांव के पास पेट्रोल पंप पर पौधरोपण कर ग्रामीणों को प्रेरित किया। एडवोकेट दिलबाग सिंह व प्रदीप कुमार ने बताया कि पीएम मोदी की एक पौधा मां के नाम मुहिम से लोगों में जोश है तथा इससे को काफी बल मिल रहा है।

### अमन व चारू बने सीए अन्य का इन्टर जलवा

**भिवानी।** लिटल हार्टस स्कूल के विद्यार्थी चारू पुत्री पंकज गर्ग व अमन पुत्र राजेश बिंदल ने भारत सरकार के उपक्रम चार्टड अकाउंटेंट्स ऑफ इण्डिया द्वारा मई 2025 में आयोजित सीए की परीक्षा पास की है। स्कूल सचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ये विद्यार्थी स्कूल के समय से ही अपनी कक्षा में अग्रणी रहे हैं।

### जीवन मूल्य समझने का माध्यम है श्रीमद्भागवत

**भिवानी।** कुंगडिया मंदिर में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कथा व्यास आचार्य डॉ. विनय मिश्र ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति व जीवन मूल्य समझने का माध्यम है। ऐसी कथाएं हमें मर्यादा, संयम, सेवा और सच्चे आचरण का पाठ पढ़ाती हैं।

### 15 जुलाई को सीएम आवास का करेंगे घेराव

**बाढड़ा।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन बाढड़ा शाखा की बैठक सुमित कादयान की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र के सीएम आवास के घेराव कार्यक्रम में बढ़चढक़र भागदारी की जिम्मेवारी सौंपी। राज्य प्रेस सचिव अली मोहम्मद कादमा ने तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि ढिग़ावा मंडी रोड़ पर उपमंडल कार्यालय में हुई बैठक का संचालन रामचंद्र ने किया।

### दिग्विजय चौटाला के दौरे को लेकर बैठक आयोजित

**भिवानी।** 10 जुलाई को जजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला के भिवानी दौरे की तैयारियों व सदस्यता अभियान की समीक्षा के लिए सोमवार को देवीलाल सदन में जजपा की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश प्रधान महासचिव रणधीर सिंह चिका व जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा शामिल हुए। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

### धनाना की बेटी दर्शना का नौ को होगा स्वागत

**भिवानी।** अमेरिका में 54 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीतने वाली चेयरमैन दलीप सिंह घणघस की पौत्रवधु दर्शना घणघस का नौ जुलाई को गांव धनाना में स्वागत किया जाएगा। चौरासी खाप के चबुतरे पर दोपहर दोपहर को होने वाले कार्यक्रम में दर्शना को सम्मानित किया जाएगा। बामला टोल प्लाजा से रोड शो और गाजे-बाजे के साथ गांव लाया जाएगा।

---

### 350 करोड़ के फसल बीमा घोटाले के समाधान की मांग

# बीमा क्लेम आंदोलन के संयोजक मंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

## सेटेलाइट क्रॉप कटिंग के नाम पर बीमा क्लेम का भुगतान रोकना कतई स्वीकार नहीं: सांसद धर्मबीर



भिवानी। सांसद धर्मबीर सिंह को ज्ञापन सौंपते किसान सभा व फसल बीमा क्लेम आंदोलन संयोनक मंडल के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा एवं फसल बीमा क्लेम आंदोलन के संयोजक मंडल ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह से विचार-विमर्श किया तथा उन्हें समस्या से अवगत करवाते हुए बीमा क्लेम राशि का भुगतान करवाने की मांग की। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि जब मैनुअल क्रॉप कटिंग करने के बाद निर्धारित समय पूरा होने के सात माह तक बीमा कंपनी ने कोई ऐतराज नहीं लगाया। भिवानी व चरखी दादरी जिले की डीएलएमसी मीटिंग में दोनों जिलों के 60 हजार से अधिक किसानों के 450 करोड़ रुपये देने थे, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर सेटेलाईट क्रॉप कटिंग के नाम पर 300 करोड़ रुपये से अधिक फसल बीमा क्लेम राशि का भुगतान रोकना वाजिब नहीं है। सांसद ने कहा कि बीमा कंपनी व कृषि अधिकारियों द्वारा क्रॉप कटिंग व बीमा क्लेम निर्धारण के उपरांत एक वर्ष तक किसानों के क्लेम को लटकाए रखना और एक साल बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव आचार संहिता के दौरान एसटीए की गैरकानूनन मीटिंग बुलाकर किसानों का पूर्व निर्धारित फसल बीमा क्लेम 450 करोड़ रुपये से घटाकर 150 करोड़ करना और 150 करोड़ रुपये में से भी मात्र 95 करोड़ का भुगतान ऊंट के मूंह में जीरा और बीमा कंपनी व कृषि अधिकारियों की भ्रष्ट मानसिकता का जीवंत सबूत है।

#### सांसद से समाधान का आश्वासन मिलने का दावा

प्रतिनिधि मंडल सदस्य एवं किसान सभा नेता डॉ. बलवीर ठाकन व माकपा सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने बताया कि इस मामले में सांसद ने उनके साथ घंटाभर विचार विमर्श कर बारीकियां जानी और आश्वासन दिया कि समस्या को प्रश्न लगाकर संसद में उठाएंगे। संयोजक मंडल सदस्य कविता आर्य एडवोकेट ने बताया कि किसानों को उनका 350 करोड़ रुपये का बकाया बीमा क्लेम दिलवाने व दोषी अधिकारियों को दंड दिलाने के लिए हम रोजाना सांसदों से मिलकर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करवाते हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों से धोखाधड़ी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है। वे स्वयं मानसून सत्र में संसद में इस पर प्रश्न लगाएंगे व प्रदेश सरकार से मामले की गहनता से जांच करवाकर किसानों को न्याय दिलाएंगे। अखिल भारतीय किसान सभा के कानूनी सलाहकार अशोक आर्य एडवोकेट ने बताया कि सोमवार को सांसद धर्मवीर सिंह से उनके भिवानी निवास पर मिलकर फसल बीमा क्लेम घोटाला के बारे में विस्तृत चर्चा की। सांसद धर्मवीर सिंह ने आंदोलनरत किसान नेताओं को सकारात्मक सहयोग का विश्वास दिलाया।

---

# गांवों के जलघरों में भरा जाए पानी

- सांसद ने ली विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सांसद धर्मबीर सिंह।

लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद धर्मबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सांसद ने निर्देश दिए कि जिले के उन गांवों के वाटर टैंकों को पानी से भरना सुनिश्चित करें, जहां पेयजल किल्लत होती है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के समक्ष पेयजल समस्या नहीं बननी चाहिए। इसके साथ शहर सहित जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या है, उसका स्थायी समाधान किया जाए। सरकार इस समस्या के समाधान के लिए वचनबद्ध है और इसके लिए बजट की कोई कमी नहीं है।

सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा मनरेगा के तहत छोटे किसानों के लिए काम के विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसमें 266 कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा को छोटे किसानों के साथ में जोड़ा जाए, ताकि वे अपनी आमदनी बढ़ा सकें। किसानों को मनरेगा के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी भी दी जाए।

## कंडम अस्पताल भवन जल्द हाईटैक तकनीक भवन बनेगा: विधायक



बवानीखेड़ा। निरीक्षण के दौरान दिशा निर्देश देते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

विधायक कपूर वाल्मीकि ने स्थानीय अस्पताल का निरीक्षण किया और कंडम भवन को जल्द ही हाई-तकनीक भवन में तबदील होने के भी शुभ संकेत दिए। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। इसके अलावा, बवानी खेड़ा हॉस्पिटल में 50 बेड से 100 बेड तक नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और उनके जीवन में गुणात्मक सुधार होगा।

## लोहारू: 12 साल का मेघनाथ लापता, मां ने दी शिकायत

**लोहारू।** चुंगी न. सात निवासी करीब 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा लापता हो गया। बच्चे की मां ने स्थानीय पुलिस थाने में गत दिवस अपने बेटे की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चुंगी नंबर सात निवासी महिला संगीता देवी पत्नी देवासिंह ने बताया कि उसके दो बेटे हैं तथा करीब 12 वर्षीय बड़ा बेटा मेघनाथ चार दिन पहले बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया। जिसकी अपने स्तर पर काफी तलाश कर ली लेकिन वह नही मिला। पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर लापता हुए बालक की तलाश शुरू कर दी है।

---

# जेसीआई स्टार ने जीते 16 अवार्ड

- मेहनत, नेतृत्व क्षमता व सामूहिकता का प्रतीक जेसीआई की यह उपलब्धि: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। अवार्ड विजेता जेसीआई भिवानी स्टार की टीम। फोटो: हरिभूमि

जेसीआई जोन-10 के सभी जेसीआई चैप्टर्स की सहभागिता से करनाल में 6 जुलाई को हुए गोल्ड मिडकॉन-2025 में जेसीआई भिवानी स्टार ने 16 अवार्ड जीतकर नया कीर्तिमान बनाया। भिवानी स्टार के सदस्यों के समर्पण और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जिसने प्रतिष्ठित आयोजन में चमकाया। जेसीआई भिवानी स्टार के मीडिया प्रभारी कपिल शर्मा ने बताया कि गोल्ड मिडकॉन में जेसीआई भिवानी स्टार 16 अवॉर्ड सहित दो लक्की ड्रॉ भी जीते व एक सिंगिंग कम्पीटिशन में भी उन्होंने अपनी गायकी का जादू बिखेरते हुए एक और अवार्ड अपने नाम किया, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। जेसीआई भिवानी स्टार के सभी प्रतिभागियों को बधाई भी दी। कार्यक्रम के आयोजन से जेसीआई भिवानी स्टार के सभी सदस्यों में एक नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ है तथा इस उपलब्धि से प्रेरित होकर अन्य सदस्य भी अपनी प्रतिभा को मंच के माध्यम से दिखाएंगे। प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल ने कहा कि जेसीआई भिवानी स्टार का ये प्रदर्शन न केवल उनके चैप्टर के लिए गर्व का विषय है, बल्कि ये पूरे जोन-10 में एक प्रेरणास्रोत बन गया है।

# बरसाती पानी की निकासी करें सुनिश्चित

- बरसाती पानी की निकासी को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



तोशाम। बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था जांचते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने आज सोमवार को कस्बे के जल भराव क्षेत्र का दौरा किया और एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और ड्रेन का निरीक्षण किया। एसडीएम ने अधिकारियों को पानी निकासी के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्थिति पर नजर बनाए रखने और जहां निकासी में बाधा आए उसे तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. अशवीर नैन ने सबसे पहले बस स्टैंड के पास जलभराव क्षेत्र और निस्तारण स्थल का निरीक्षण किया।

एसडीएम ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बरसाती सीजन के दौरान निस्तारण पर लगी मोटर पर कर्मचारियों की स्थाई ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्बंधित अधिकारी मानसून सीजन में पानी निकासी के लिए लगी मोटरों को दुरूस्त रखना सुनिश्चित करें। इसके बाद एसडीएम ने जलघर में स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने पानी निकासी के लिए लगी मोटरों का निरीक्षण किया और उनकी स्थिति जानी। इसके बाद उन्होंने ड्रेन का निरीक्षण किया और पानी निकासी के लिए उचित बिजली सप्लाई के लिए बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम ने कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

#### ग्रामीणों से की बातचीत

एसडीएम ने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी हरसंभव मदद करेगा। पानी निकासी के प्रबंध किए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बरसाती पानी से लोगों को परेशानी न हो इसके लिए हर संभव कदम उठाएं। इस दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ विक्रम पूनियां, सरपंच राजेश तंवर, कनिष्ठ अभियंता बलजीत घनघस उपस्थित रहे।

---

# पुर व तिगड़ाना स्कूल में फर्स्ट एड के दिए टिप्स

- इमरजेंसी में फर्स्ट एड बुनियादी सिद्धांतों से अवगत करवाना अभियान का उद्देश्य: सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। विद्यार्थियों को फर्स्ट एड की जानकारी देती फर्स्ट एड प्रवक्ता।

भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, सेंटजॉन एंबुलेंस इंडिया की राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जूनियर रेडक्रॉस (जेआरसी) फंड के तहत 10 राजकीय स्कूलों में एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड (प्राथमिक सहायता) जागरूकता शिविर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार को गांव पुर व तिगड़ाना के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों व स्टाफ को बेसिक फर्स्ट एड की महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर के दौरान फर्स्ट एड प्रवक्ता संजय कुमार, शालू कामरा व नीरजा रानी ने छात्रों को सीपीआर, चोट लगने, सांप के काटने, कटने, जलने, मोच आने, बेहोशी और अन्य सामान्य आपात स्थितियों में तत्काल सहायता प्रदान करने के तरीके सिखाए। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार के बुनियादी सिद्धांतों से अवगत करवाना था, ताकि वे न केवल अपनी बल्कि दूसरों की भी मदद कर सकें।

#### जिम्मेदार बनाना उद्देश्य

सचिव प्रदीप ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं और उन्हें भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं से निपटने के लिए तैयार करते हैं। प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। खासकर स्कूली बच्चों के लिए जो अक्सर खेलकूद या अन्य गतिविधियों के दौरान छोटी-मोटी चोटों का शिकार हो सकते हैं। गांव पुर व तिगड़ाना के राजकीय विद्यालयों के प्राचार्यो और शिक्षकों ने इस पहल का स्वागत किया।

# श्रीकांत अत्री को किया सम्मानित

- 20 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद मिताथल निवासी श्रीकांत अत्री वायुसेना से सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। वायुसेना से सेवानिवृत श्रीकांत अत्री को सम्मानित करते लोकसेवा पंचायत समिति व सलाह के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

गांव मिताथल निवासी श्रीकांत अत्री भारतीय वायु सेना में 20 वर्षों की शानदार सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में लोकसेवा पंचायत समिति व स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) ने संयुक्त रूप से सम्मान समारोह कीर्ति नगर में हुआ। लोकसेवा पंचायत समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता देवकांत शर्मा, श्रीकांत अत्री के बड़े भाई सलाह के प्रदेश सचिव देवेंद्र अत्री तथा सलाह के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर शर्मा धारेडू ने श्रीकांत अत्री को सम्मान प्रतीक पगड़ी एवं फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। श्रीकांत की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने अत्री के अनुशासित जीवन और कर्तव्यनिष्ठा को युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। इस मौके पर देवकांत शर्मा, देवेंद्र अत्री व राजबीर शर्मा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि श्रीकांत अब सेवानिवृत्ति के बाद समाजसेवा की दिशा में सराहनीय कार्य करेंगे। इस अवसर पर पंडित जयभगवान शर्मा, जोधराज शर्मा, सुरेंद्र शास्त्री, प्राचार्य साधुराम, सुरेंद्र शर्मा बबलू आदि मौजूद रहे।

---

# गांव के स्कूल पहुंचे विदेशी मेहमान

- ढ़ाणी हनुमान स्कूल का दौरा कर छात्रों को बांटी कॉपी-किताब।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। बच्चों के साथ वर्धमान ज्वलर्स के संचालक सचिन जैन व विदेशी पर्यटक।

रावमावि ढाणी हनुमान में हमारा अपना फाउंडेशन के शिक्षण लेखन सामग्री वितरण समारोह आयोजित किया। जिसमें फाउंडेशन के संचालक सचिन जैन के साथ इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से आई रीना जुविटा व सिल्वियानीता भी पहुंची। स्कूल के कार्यवाहक प्राचार्या सतीश शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। शिक्षण लेखन सामग्री का वितरण प्रमुख समाज सेवी बिल्लू कुगंडिया के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने बाहर से आये डेलिगेटस का गुलदस्तो से स्वागत किया। अतिथि डेलिगेटस ने प्राथमिक के बच्चों को चार्ट के माध्यम से एक क्रियाकलाप गतिविधि करवाई जिसे सब बच्चों ने बड़ी रूचि से किया। स्कूल के सभी बच्चों को एक एक रजिस्टर वितरण किया गया। विदेशी डेलिगेटस ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति का विकास कर सकती है। शिक्षा ही हमारे विकास एवम उन्नति का सबसे उत्तम साधन है। स्कूल के बच्चों व स्टाफ से वार्तालाप कर वे बहुत भाव- विहोर हुए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य व सभी अध्यापकों ने विदेशी मेहमानों और हमारा अपना फाउंडेशन की टीम का धन्यवाद किया।

### राज्यसभा सांसद ने कई गांवों का दौरा कर सुनीं समस्याएं

# हर वर्ग की भलाई सरकार का उद्देश्य: किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



तोशाम। जनसम्पर्क अभियान में लोगों को संबोधित करती किरण चौधरी।

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। सरकारी योजनाओं का पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को घर बैठे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। योग्यता के आधार पर युवाओं को बिन खर्ची-बिन पर्ची नौकरियां दी जा रही है। तोशाम विस क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी सोमवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तीसरे दिन गांव चैनपुरा, आसलवास दुबिधा, आसवास महरेटा, लहलाना, भानगढ़, ढ़ाणी शंकर, भाखड़ा, हरीपुर, गोलपुरा तथा गोलागढ़ आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या सुनकर उनको संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने अपने दौरे के दौरान करीब तीन करोड़ से अधिक राशि की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने चैनपुरा गांव में 32 लाख रुपये की लागत से फिरनी को पक्का करने के कार्य का उद्घाटन किया। आसलवास दुबिधा में 79 लाख तथा आसवास महरेटा में एक करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से फिरनी को पक्का करने के कार्य का शिलान्यास किया। भानगढ़ में 17-17 लाख रुपये की लागत से राजपूत धर्मशाला तथा नहर से जोहड़ तक पानी लाने के लिए पाइप जरअल बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया। गोलपुरा में एक करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से फिरनी पक्कीा करने का शिलान्यास किया। गोलागढ़ में 20 लाख रूपए की लागत से बस स्टैंड के सौदर्यीकरण का उद्घाटन किया।

#### अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की हल्के में किसी गांव में पेयजल की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जरूरत के अनुरूप वॉटर टैंक, बूस्टर का निर्माण करवाया जाए और पाइप लाइन डाली जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का तेज गति से विकास हो रहा है। भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है।